प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

पदम पुरस्कारों से सम्मानित 70 से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि क्रूरता की ऐसी घटनाएं चिकित्सा क्षेत्र की सेवाओं को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ कल इस मामले की सुनवाई करेगी।

****

कोलकाता में दुष्कर्म के बाद महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ झारखंड समेत देश भर में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। रांची के रिम्स में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आज आठवें दिन भी जारी है। इस हड़ताल से मरीजों को इलाज में काफी परेशानी हो रही है।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आरोप लगाया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में उनका अपमान हुआ है। सोशल मीडिया पर अपने एक भावुक पोस्ट में श्रीसोरेन ने कहा कि जब हेमंत सोरेन जेल से रिहा हुए तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए बाध्य किया गया। उन्होंने कहा कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुईं। चंपाई सोरेन ने कहा कि उनका इरादा पार्टी को नुकसान पहुंचाना नहीं है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों ने उन्हें अन्य विकल्प चुनने के लिए मजबूर कर दिया है।

****

देशभर में आज रक्षा बंधन का पर्व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि इस पर्व के दिन, सभी देशवासी, हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कामना की कि यह पवित्र त्योहार रिश्तों में मिठास और लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाएगा। इधर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं।

****

उधर सरायकेला खरसावां जिले में रक्षाबंधन को लेकर उत्साह का माहौल है। कुछ क्षेत्रों में दोपहर डेढ़ बजे के बाद रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया, जबकि कहीं–कहीं सुबह से ही रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। वहीं जिला मुख्यालय सरायकेला के प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा सामूहिक रूप से रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया।

****

रामगढ़ जिले में स्वतंत्रता दिवस को लेकर एक पखवाड़े तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

****

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढे नौ बजे **अंतरिक्ष क्षेत्र में उभरते अवसर** विषय पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली के क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केंद्र–उत्तर के उप–महाप्रबंधक डॉ. समीर सरन और इसरो की उप–निदेशक नंदनी हरिनाथ हमारे स्टूडियो में उपस्थित रहेंगे।

****

सावन की आज आखिरी सोमवारी पर राज्य भर के शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सावन की अंतिम सोमवारी और सावन पूर्णिमा को देखते हुए काफी संख्या में श्रद्धालु देवघर के श्रावणी मेला में पहुंच रहे है। सुबह 4 बजे पट खुलते ही जलाभिषेक शुरू हो गया। इधर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा है।

****

रांची की टीम ने झारखंड सीनियर वुशु प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। रांची के आरके आनंद लान बाल्स स्टेडियम में संपन्न दो दिवसीय प्रतियोगिता में रांची की टीम 134 अंकों के साथ पहले, चतरा की टीम 58 अंकों के साथ दूसरे और दस अंकों के साथ पूर्वी सिंहभूम की टीम तीसरे स्थान पर रही।

*******समाप्त*******